बृहस्पतिवार
08 सितम्बर 2022



पृष्ठ 4
ब्रेकफास्ट से जुड़ी ये गलतियां स्वास्थ्य को पहुंचा सकती हैं नुकसान



पृष्ठ 5
सत्यप्रेम की कथा के लिए खुद को बदलेंगे कार्तिक आर्यन



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 211
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

जीवन में कोई चीज इतनी हानिकारक और खतरनाक नहीं जितना डाँवाँडोल स्थिति में रहना।
– सुभाषचंद्र बोस

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## बैकडोर भर्तियों को लेकर भाजपा में हड़कंप
# हाईकमान बड़े एक्शन के मूड में

विशेष संवाददाता

देहरादून। विधानसभा में बैक डोर भर्तियों का मामला भाजपा के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन चुका है। जिन भाजपा नेताओं की इस मामले में संलिप्तता की बात सामने आई है उन पर किसी भी क्षण बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। इन नेताओं की दिल्ली-देहरादून दौड़ जारी है। पार्टी हाईकमान के सख्त रवैये से भाजपा खेमे में हड़कंप मचा हुआ है।



**●पूर्व स्पीकर को जेपी नड्डा ने बुलाया दिल्ली**
**●त्रिवेंद्र रावत ने पीएम को हालात से कराया अवगत**

बीते कल पूर्व स्पीकर व वित्त मंत्री प्रेमचंद ने देहरादून में पार्टी प्रभारी दुष्यंत गौतम से मुलाकात की थी। बीते कल दिल्ली से अचानक मिले आदेश पर वह दिल्ली पहुंचे और देर रात उन्होंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। प्रेमचंद्र अग्रवाल को दिल्ली से यह बुलावा स्पीकर रितु खंडूरी से पार्टी अध्यक्ष के साथ हुई वार्ता के बाद बुलाये जाने की भी चर्चा है। प्रेमचंद अग्रवाल की पार्टी अध्यक्ष से आधे घंटे बातचीत हुई। बताया जा रहा है कि जेपी नड्डा ने उन्हें उनका पक्ष जानने के लिए बुलाया गया है। वह इस मामले के खुलासे के बाद पहले भी एक बार जेपी नड्डा से मिल चुके हैं। वहीं कल इससे पूर्व त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भी जेपी नड्डा से मुलाकात कर इस मुद्दे को लेकर पार्टी की खराब हो रही छवि पर चिंता जताई थी।


उधर आज पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे जो भर्ती घोटाले को लेकर चर्चाओं में हैं वह भी भाजपा मुख्यालय पहुंचे और महामंत्री संगठन अजय कुमार से मुलाकात की। नेताओं के बीच इस मुद्दे को लेकर जो बेचैनी देखी जा रही है तथा उनकी दिल्ली-देहरादून परेड हो रही है वह बेवजह नहीं है। इस पूरे प्रकरण को लेकर भाजपा हाईकमान की नाराजगी भी स्वाभाविक है। जेपी नड्डा खुद इस मामले में की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी जांच समिति गठित करने व सचिव विधानसभा को लंबी छुट्टी पर भेजने के साथ-साथ कड़ी कार्रवाई की बात कह चुकी हैं। पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह ने आज प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर उन्हें राज्य के ताजा हालात से अवगत कराया है। भाजपा हाईकमान अब कभी भी किसी भी क्षण कोई बड़ी कार्रवाई कर सकता है।

## चोरी की गाड़ियां काटने वाले शातिरों के ठिकानों पर छापेमारी
# भारी संख्या में कटी हुई गाड़ियों के पार्ट्स बरामद

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखण्ड के हरिद्वार में भी अब अवैध रूप से गाड़ियों के काटने का काम शुरू हो गया है। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने रानीपुर स्थित सलेमपुर के बताये गये पांच गोदामों पर छापे मारकर सैकड़ों की संख्या में कटे हुए वाहनों के पार्टस बरामद किये गये है। हालांकि इस दौरान सभी शातिर भागने में सफल रहे जिनकी तलाश में छापेमारी जारी है।

एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पिछले कई महीनो से पुलिस को शिकायत मिल रही थी कि हरिद्वार के बहादराबाद क्षेत्र में अवैध रूप से चोरी की गाड़ियों को काटने का काम किया जा रहा है। लगातार मिल रही शिकायतों के बीच जब जांच की गयी तो पता चला कि रानीपुर क्षेत्र के सलेमपुर में अवैध रूप से वाहनों को काटे जाने का काम चल रहा है। इस पर कल देर



रात कई थानों की पुलिस ने अवैद्य रूप से गाड़िया काटकर ठिकाने लगाने वाले पांच गोदामों पर छापा मारकर सैकड़ो

◄◄ शेष पृष्ठ 2 पर

## भ्रष्टाचार मामले में ईडी की एक्साइज कमिश्नर व संयुक्त कमिश्नर के घर छापेमारी

हमारे संवाददाता

चंडीगढ़। भ्रष्टाचार मामले में लगातार कार्यवाही करते हुए ईडी द्वारा नेताओं के नेताओं व अधिकारियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। आबकारी नीति के तहत एक्साइज कमिश्नर वरुण रुजम और संयुक्त कमिश्नर नरेश दुबे भी इसकी चपेट में आ चुके हैं जिसके चलते ई.डी. ने इनके घरों में भी रेड की है।





एक्साइज नीति को लेकर अभी शुरूआत है। कई अन्य अधिकारी भी ई.डी. की राडार पर हैं। जैसे-जैसे पर्दा उठता जाएगा वैसे-वैसे ही अधिकारियों के भ्रष्ट चेहरे सामने आते जाएंगे। अब पंजाब में केंद्रीय एजेंसी ने भी दस्तक दे दी है। दूसरी ओर सुखबीर बादल का भी कहना है कि 500 करोड़ के घोटाले में जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ती जाएगी वैसे ही कई अन्य अधिकारियों के चेहरों से पर्दा उठता जाएगा। विदित हो कि भ्रष्टाचार मामले में आई.ए.एस. अधिकारी संजप पोपली भी ईडी के हाथों से बच नहीं पाए हैं। 200 करोड़ रुपए के अनाज ढुलाई और लेबर पॉलिसी के घोटाले को लेकर जेल में बंद है। ई.डी. की अधिकारियों पर चल रही कार्रवाई को लेकर ब्यूरोक्रेसी बहुत ही सहमी हुई नजर आ रही है क्योंकि इस मामले में मनीष सिसोदिया भी निशाने पर है।

# भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 6,395 नए मामले दर्ज, 33 लोगों की मौत

नई दिल्ली । भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 6,395 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,44,78,636 हो गई, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 50,342 रह गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 33 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,28,090 पर पहुंच गई है। इन 33 मामलों में वे 14 लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुन:मिलान करते हुए केरल ने महामारी से जान गंवाने वाले मरीजों की सूची में जोड़े हैं।



आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 50,342 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.11 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 252 की कमी दर्ज की गई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.70 प्रतिशत हो गई है।

अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 1.96 प्रतिशत, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 1.88 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,39,00,204 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। वहीं, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 214.27 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

## जनता जागे तो कुछ बात बने

जनतंत्र की संपूर्ण शक्ति जनता में निहित है। शासन-प्रशासन सिर्फ जनतंत्र के संचालन के टूल भर है, लेकिन यह विडंबना ही है कि नेताओं और ब्यूरोक्रेट्स ने इस देश की जनता को दीन-हीनता की खाई से कभी बाहर नहीं आने दिया और न उसे अपनी एकता की ताकत की अहमियत को समझने दिया। नेताओं ने जनता को धर्म जाति और क्षेत्रवाद में विभक्त करके रखा वही नेता के साथ अधिकारी भी स्वयं को सेवक की बजाय शासक की मानते रहे और कानून का भय दिखाकर उन्हें डराते व लूटते रहे हैं। आज देश अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है लेकिन इस देश का आदमी इन आजादी के 75 सालों में क्या अपनी रोटी, कपड़ा और मकान की समस्याओं से आजाद हो सका है। देश के आम आदमी की स्थिति आजादी के 75 साल बाद भी उस सेना जैसी ही है जो भूखे पेट जंग लड़ रही होती है। देश के नेता और ब्यूरोक्रेट्स के अलावा चंद औद्योगिक घरानों को छोड़ दिया जाए तो बाकी जनता अपनी मूल जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकारों की मेहरबानियों पर जिंदा है। अभी बीते दिनों कोरोना काल की एक तस्वीर देश और दुनिया ने देखी थी। भारत के बारे में बड़ी-बड़ी बातें हम नेताओं से सुनते आ रहे हैं एक भारत, श्रेष्ठ भारत और आत्मनिर्भर भारत जैसी शगूफेबाजी करने वाले नेता ही बड़े गर्व से यह बताते हैं कि उन्होंने महामारी काल में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया या उन्हें मुफ्त के टीके लगवाए। सवाल यह है कि इसकी जरूरत क्यों पड़ी? आजादी के 75 साल बाद भी देश की जनता इतनी आर्थिक रूप से संपन्न क्यों नहीं बन सकी। वह हजार-दो हजार के टीके खुद लगवा पाती, अपनी जान की सुरक्षा पर जो जनता हजार-दो हजार भी खर्च करने की स्थिति में न हो या फिर उसे सरकार से मुफ्त राशन न मिलता तो वह भूखी मर जाती। उस देश की आत्मनिर्भरता के नारे लगाए जाने का क्या मतलब रह जाता है। नेताओं ने इन 75 सालों में या तो गरीबी मिटाओ कांग्रेस लाओ और अच्छे दिन आने वाले हैं हम मोदी जी को लाने वाले हैं जैसे नारे दिए या फिर हिंदू-मुस्लिम और अगड़े-पिछड़ों तथा मंदिर-मस्जिद जैसे जनता को लड़ाने और सामाजिक विभाजन का काम किया है। देश और देश की आम जनता के लिए सही मायने में कुछ भी नहीं किया है। देश में भ्रष्टाचार की जो समस्या सबसे बड़ी समस्या है उसकी जड़ की तलाश के मुद्दे पर अनेक बार राष्ट्रीय बहस हो चुकी है। राजनीति व प्रशासन से भ्रष्टाचार को अगर इन 75 सालों में मिटा दिया गया होता तो आज इस देश की जनता के सामने शायद कोई भी समस्या नहीं होती। सब संपन्न होते सब शिक्षित होते और वह रामराज्य स्वत: ही आ जाता। देश के नेताओं को इसके लिए कुछ भी करने की जरूरत नहीं पड़ती। बड़ा सवाल यह है कि आखिर इस देश की जनता को अपनी शक्ति का ज्ञान व आभास कब होगा?

## एटीएम में तोड़फोड़ करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता



देहरादून। पुलिस ने एटीएम में तोडफोड करने वाले युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 सितंबर को थाना राजपुर पर विनीत शर्मा शाखा प्रबंधक, यूको बैंक सहस्त्रधारा रोड, ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके बैंक के एटीएम में तोड़फोड़ व चोरी का प्रयास किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गठित टीम द्वारा घटनास्थल एवं उसके आसपास लगे कई सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। आज पुलिस टीम ने आईटी पार्क निकट यूको बैंक सहस्त्रधारा रोड के पास जितेंद्र उर्फ सोनू पुत्र राम प्रसाद निवासी राजेश्वर नगर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक पेचकस बरामद कर लिया। पुलिस ने उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## भारी संख्या में कटी हुई गाड़ियों के पार्ट्स..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

कटी हुई गाड़ियों के पार्ट्स बरामद किये है। पुलिस की अचानक हुई इस छापेमारी से वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और वह फरार हो गए। जिनकी तलाश जारी है। बताया कि पुलिस को यह भी पता चला है कि उक्त वाहनों को काटने का यह धंधा बिजनौर, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर के लोग चला रहे थे। इन जगहों पर बड़े पैमाने पर चोरी की गाड़ियां भी काटी जा रही थी। पुलिस आरोपितों और उनसे जुड़े कबाड़ियों की तलाश में जुट गई है। बताया कि गोदामों से कार, मोटरसाइकिल समेत हर प्रकार के वाहनो के इंजन, टायर, चेसिस आदि पुर्जे और कटे हुए हिस्से बरामद हुए हैं। फिलहाल पुलिस ने सामान जब्त करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

# लघु व्यापारियों का पीडब्ल्यूडी कार्यालय पर प्रदर्शन

संवाददाता



हरिद्वार। लघु व्यापारियों ने नोटिस दिये जाने के विरोध में पीडब्ल्यूडी कार्यालय में प्रदर्शन कर एक्शन का घेराव किया।

आज यहां पीडब्ल्यूडी लोक निर्माण विभाग द्वारा पूर्व से चयनित वेंडिंग जोन के लघु व्यापारियों को नोटिस दिए जाने के विरोध में देवपुरा चौराहे से पीडब्ल्यूडी मुख्य कार्यालय तक लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में जुलुस के रूप में जोरदार प्रदर्शन करते हुए पीडब्ल्यूडी एक्शन का घेराव किया। घेराव के दौरान संजय चोपड़ा द्वारा अधिशासी अभियंता को अवगत कराया। राज्य सरकार द्वारा उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली 2016 का शासन आदेश के अनुसार नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर निगम क्षेत्र के रेड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को व्यवस्थित व स्थापित करने को लेकर 15 वेंडिंग जोन चयनित किए जा चुके हैं। अभी तीन वेंडिंग जोन में लाभार्थी स्थानीय रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को नगर निगम द्वारा स्थापन की कार्रवाई प्रचलन में है। संजय चोपड़ा ने कहा पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पूर्व के चयनित वेंडिंग जोन में रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स को नोटिस के माध्यम से शोषित व उत्पीड़ित किया जाना अन्याय पूर्ण है।

उन्होंने कहा नगर निगम प्रशासन द्वारा फेरी समिति का गठन किए हुए लगभग 8 वर्ष हो गए हैं समय-समय पर फेरी समिति के निर्णय के अनुसार सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी रुड़की, हरिद्वार विकास प्राधिकरण संबंधित अन्य विभागों को फेरी समिति के अनुपालन की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया जाता रहा है और राज्य सरकार के संरक्षण में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना राष्ट्रीय आजीविका मिशन के क्रियान्वयन में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा अनदेखी क्या जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। संजय चोपड़ा ने घेराव के दौरान चेतावनी दी फेरी नीति नियमावली का परीक्षण कर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता विभाग के कर्मचारी अधिकारियों को रेड़ी पटरी के कानून के बारे में अवगत कराएं। उन्होंने कहा यदि शीघ्र ही लोक निर्माण विभाग द्वारा रेड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों का शोषण व उत्पीड़न बंद नहीं किया तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किए जाएंगे, इसकी समस्त जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की होगी। घेराव प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष राजेंद्र पाल, मनोज कुमार, जय भगवान, चुन्नू चौधरी, विजेंदर सिंह, तस्लीम अहमद, यामीन अंसारी, आजम खान, मुकेश कुमार, अमरजीत सिंह, लाल चंद गुप्ता, विजय कुमार, भोला यादव, नम्रता सरकार, संगीता देवी, पुष्पा, मंजू पाल, संगीता चौहान आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# पॉलीथीन प्लांट में छापेमारी, किया सीज

हमारे संवाददाता



उधमसिंहनगर। कुडां थाना क्षेत्र मे अवैध रूप से चल रहे पॉलीथिन प्लांट पर पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों ने छापेमारी करते हुए उसे सीज कर दिया है। पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने पॉलीथिन का निर्माण करने वाले प्लांट पर छापेमारी की। इस दौरान काफी मात्रा में तैयार पॉलिथिन और रॉ मैटेरियल बरामद किया गया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज कुंडा थाना पुलिस को सूचना मिली कि बाबर खेड़ा गांव में अवैध रूप से पॉलीथिन निर्माण करने का प्लांट संचालित किया जा रहा है। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौके से ही उन्होंने उच्चाधिकारियों को मामले की सूचना दी। उप जिलाधिकारी काशीपुर के आदेश पर काशीपुर तहसील के नायब तहसीलदार कानूनगो मौके पर पहुंचे। इस दौरान टीम को मौके से 126 किलो तैयार पॉलीथिन बरामद हुई और 1.75 क्विंटल दाने के रूप में रॉ मैटेरियल बरामद हुआ। मौके पर पश्चिम बंगाल निवासी संजीत शाह पुत्र सुधीर शाह नामक व्यक्ति मिला जो वर्तमान में राख कॉलोनी, हरियावाला में रहता है। संजीत ने बताया कि वह पिछले डेढ़ साल से यहां रह रहा है, इसके पहले वह गदरपुर में काम करता था।

> त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
> उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्।।'
> (ऋग्वेद ७-५९-१२)
>
> हे त्रयंबकम् ! तीनों लोकों का, तीनों प्रकार से रक्षण करने वाले उत्तम गंध से युक्त, समृद्धि करने वाले परमेश्वर, हम आप की उपासना करते हैं। जिस प्रकार खरबूजा पक कर बेल से छूट जाता है उसी प्रकार हम भी जन्म-मरण के चक्र से छूट जाएं और मोक्ष की प्राप्ति करें।
>
> O Tryambakam ! The God, the Lord of all three worlds, three-way protector, with a pleasant fragrance and provider of prosperity. We worship You. Just as a melon is released from the vine after ripening, in the same way, we too should be freed from the cycle of birth and death and attain salvation.
> (Rig Veda 7-59-12)

# सूचना तंत्र मजबूत करने को दूरस्थ थानाक्षेत्र पहुंचे सीओ

पौड़ी (आरएनएस)। पुलिस प्रशासन ने जिला मुख्यालय के दूरस्थ थानों और चौकियों में अवैध गतिविधियों और चोरी की घटनाओं पर नकेल कसने को लेकर अपने सूचना तंत्र को और अधिक सशक्त करना शुरू कर दिया है। जिसके लिए पुलिस विभाग के अधिकारी इन दिनों जिले के दूरस्थ थानों क्षेत्रों के भ्रमण पर जुट गए हैं। बुधवार को सीओ सदर प्रेमलाल टम्टा ने इस उद्देश्य को लेकर दूरस्थ क्षेत्र के पैठाणी थाने के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर ग्राम प्रहरियों, सीएलजी(कम्यूनिटी लाइजन ग्रुप) सदस्य एवं ग्राम प्रधानों के साथ वार्ता की। कहा कि बाहरी लोगों का क्षेत्र में आने या किसी भी तरह से व्यापार करने वालों का सत्यापन निकट के थाने में कराया जाना आवश्यक है। पुलिस विभाग की नाक व कान कहे जाने वाले सीएलजी सदस्य व ग्राम प्रहरियों को बताया गया कि अपने अपने गांव के नजदीक चोरी व सड़क दुर्घटना होने की सूचना प्राप्त होने पर तुरंत पुलिस प्रशासन को दे। साथ ही कोई भी घटना घटने पर घटनास्थल पहुंचकर राहत व बचाव कार्य में सहयोग करें।

# जन जागरण से ही होगा नशे का खात्मा: मोर्चा

नगर संवाददाता

विकासनगर। नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान की कड़ी में ग्राम ढकरानी में आयोजित कार्यक्रम में नशे की गिरफ्त में आ चुके युवाओं व महिलाओं के साथ-साथ जागरूक ग्राम वासियों के बीच पहुंचकर जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कार्यशाला आयोजित करने के मामले में ग्राम ढकरानी के लोगों का विशेष आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर नेगी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से जिस तेजी से युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं तथा नित नए-नए नशे का सेवन कर रहे हैं, निश्चित तौर पर परिवार व समाज को खोखला करने के लिए अभिशाप साबित हो रहा है। शुरुआती दौर में 2-4 युवाओं ने इसका सेवन किया तथा देखा-देखी कई युवा इसकी गिरफ्त में आए और फिर एक दूसरे का अनुसरण कर इस व्यापार में महिलाएं तक शामिल हो गई। नेगी ने कहा कि नशे के कारोबारियों ने नशा एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने के लिए छोटे बच्चों को भी थोड़ा बहुत लालच देकर अपने वश में कर लिया है। उन्होने कहा कि नशे के कारोबारियों खिलाफ भी सबको मिलकर मुहिम चलानी होगी।



मोर्चा नेता दिलबाग सिंह व बीडीसी सदस्य इश्तियाक अली ने कहा कि इस कारोबार से कुछ लोगों ने थोड़ा बहुत पैसा इकट्ठा कर अपना मकान-कारोबार खड़ा किया तथा उनके ठाट- बाट देख कर अन्य युवाओं ने भी इस नशे को अपना कारोबार बनाया एवं फिर इसका सेवन करने लगे और फिर बर्बाद हो गए। नेगी ने कहा कि आकंठ नशे की गिरफ्त में आ चुके युवाओं के लिए फिर से नई शुरुआत करने के लिए मोर्चा हर संभव प्रयास कर स्वास्थ्य विभाग, शासन- प्रशासन से मदद लेगा ,जिससे इनका समुचित इलाज हो सके एवं ये लोग फिर से नई शुरुआत कर मुख्यधारा में जुड़ सकें। जन जागरण अभियान में मोहम्मद अली, गफूर अहमद, इमाम रहमान अली, हाफिज जमील, इमरान ,शब्बीर अहमद, समीना, मुर्शीदा, मेहराज, प्रवीण, इस्लाम, शकील, मंजूरा अयूब, समून, सरवर, इरशाद, अनवर, सलमान, नदीम, मुकर्रम आदि कई अन्य लोग शामिल रहे।

# एटीएम में चोरी का प्रयास

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने एटीएम में चोरी का प्रयास करते हुए एटीएम मशीन को क्षतिग्रस्त किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाखा प्रबंधक विनीत शर्मा ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके बैंक का एटीएम सहस्त्रधारा रोड पर तिब्बती कालोनी के पास है। रात्रि में चोरों ने एटीएम में चोरी का प्रयास करते हुए एटीएम मशीन को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मारपीट में दो नामजद

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आदर्श विहार श्यामपुर निवासी सुनील ढौडियाल ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह प्रेमनगर विक्रम स्टैण्ड पर खडा था तभी वहां पर मोनू व गुलशन आये और उसके साथ गाली गलौच करने लगे उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। आसपास के लोगों ने बीच बचाव कराया तो दोनों उसको जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासनगर कोतवाली पुलिस ने शिमला बाईपास रोड पर दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उनको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडे हुए। पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने दोनों के कब्जे से साढे दस ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम मौहम्मद असलम पुत्र मौहम्मद अख्तर निवासी जीवनगढ व शौकिन पुत्र नसीम निवासी कुंजा बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# कैबिनेट मंत्री ने हिमालय बचाओ अभियान में किया प्रतिभाग

संवाददाता

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने हिमालय बचाओं अभियान में प्रतिभाग करते हुए वृक्षारोपण किया।




आज यहां न्यू कैंट रोड़ स्थित कैंप कार्यालय में प्रदेश के कृषि, कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ समारोह कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने कैंप कार्यालय परिसर में वृक्षापोरण भी किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत उपस्थित सभी लोगों को शपथ भी दिलाई। हिमालय दिवस के मौके पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने जाने-माने साहित्यकार सोहनलाल द्विवेदी की कुछ पंक्तियां याद करते हुए कहा कि युग-युग से है अपने पथ पर,देखो कैसा खड़ा हिमालय, डिगता कभी न अपने प्राण से रहता प्रण पर अड़ा हिमालय।

जोशी ने कहा कि हिमालय के पहाड़ी नगरों को खराब भवन योजना और डिजाइन, कमजोर बुनियादी ढांचे (सड़कें, सीवेज, जल आपूर्ति आदि) और पेड़ों की अभूतपूर्व कटाई के कारण कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह गंभीर पारिस्थितिक मुद्दों की वजह बनता है। हिमालय औषधीय पौधों का भंडार है जो गंगा के पानी को विशेष बनाता है और न केवल गंगा बल्कि कई छोटी नदियों जीवन देता है। हिमालय न केवल भारत के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए शक्ति का एक स्रोत और एक मूल्यवान विरासत है और हमें उसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी हिमालय दिवस के अवसर पर प्रण लें कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूर्ण जिम्मेदारी से कार्य करें। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि हिमालय जहां सुरक्षा की दृष्टि से भारत की सुरक्षा करता है, वहीं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी हिमालय का बहुत बड़ा योगदान है। लेकिन धीरे -धीरे अनावश्यक रूप से हिमालय में कूड़ा फैलाने एवं दोहन होने के कारण हिमालय अपनी वास्तविक स्थित को छोड़ते जा रहा है। जिसके लिए हिमालय को बचाने की आवश्यकता है।

जोशी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हम सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी,पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को योगदान देना होगा मंत्री जोशी ने कहा कि 'हिमालय बचाओ अभियान' में अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण करना चाहिए जिससे हमारा हिमालय सुरक्षित रह सके। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक बंसीधर भगत, सल्ट विधायक महेश जीना, मंडल अध्यक्ष पूनम नौटियाल, पार्षद नंदनी शर्मा,पार्षद भूपेंद्र कठेत,चुन्नी लाल, मंजीत रावत,ज्योति कोटिया, आर. एस परिहार,कमल थापा, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## फोन पर युवती से अभद्रता करने पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। फोन पर युवती से अभद्रता करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर निवासी व्यक्ति ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसकी पुत्री के फोन पर कॉल कर उसके साथ अश्लील बाते करना व विरोध करने पर गाली गलौच कर रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चोरी का प्रयास करते एक गिरफ्तार

संवाददाता



देहरादून। घर में घुसकर चोरी का प्रयास कर रहे एक को लोगों ने पकडकर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपुर रोड निवासी योगीराज खंडूडी ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि वह घर के अन्दर बैठा था तभी एक युवक उनके घर में घुस आया और सामान चोरी कर भागने की फिराक में था तभी उसने शोर मचाकर आसपास के लोगों की मदद से उसको पकड लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पूछताछ में उसने अपना नाम मनीष पुत्र गैडाराम निवासी इन्द्रा कालोनी चुक्खुवाला बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भर्तियों की सीबीआई जांच को लेकर विधानसभा के समक्ष धरना

संवाददाता

देहरादून प्रदेश में हुई भर्तियों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर उत्तराखण्ड समानता पार्टी ने विधानसभा के समक्ष धरना देकर जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया।



आज यहां उत्तराखण्ड समानता पार्टी के कार्यकर्ता अध्यक्ष नवीन चन्द्र काण्डपाल के नेतृत्व में विधानसभा के समक्ष एकत्रित हुए जहां पर उन्होंने धरना दिया। धरने के पश्चात उन्होंने जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की विभिन्न राजकीय भर्तियों में प्रतिदिन कोई ना कोई घोटाला सामने आ रहा है। वास्तव में राज्य के अस्तित्व में आने के समय से ही राज्य में भ्रष्टाचार तथा घोटालों का बोलबाला है जिससे राज्य की जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि समानता पार्टी इस प्रकार के कृत्यों की घोर निन्दा करती है। इन घोटालों से राज्य के प्रतिभावान बेरोजगार युवाओं को राज्य में सरकारी नौकरी से वंचित किया गया है तथा उनको जीविकोपार्जन हेतु दूसरे राज्यों तथा विदेश में जाने हेतु मजबूर होना पड रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष द्वारा डीके कोटिया की अध्यक्षता में जो नौकरशाहों की विशेषज्ञ समिति भ्रष्टाचार की जांच के लिए बनायी गयी है उससे कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है क्योंकि यह जांच अन्य नौकरशाहों के खिलाफ होनी है। अत: नौकरशाहों की विशेषज्ञ समिति अन्य नौकरशाहों की जांच निष्पक्षता से नहीं कर सकती तथा जांच प्रभावित हो सकती है। इसके लिए किसी हाईकोर्ट के न्यायाधीश द्वारा जांच करवायी जाती तो ठीक रहता। उन्होंने मांग की है कि उक्त सभी प्रकरणों की जांच सीबीआई से करायी जाये ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके। धरना देने वालों में वीएस भण्डारी, सीएस नेगी, टीएस नेगी, एपी रतूडी, एसपी नैथानी, एसी रमोला, एससी पाण्डेय, पीपी उपाध्याय, एसपी शर्मा, मोहन सिंह रावत, अमित उनियाल आदि लोग शामिल थे।

# टोंड फेस या शॉर्प जॉलाइन के लिए करें फेशियल योग

हर कोई एक शॉर्प जॉलाइन का चेहरा पाने का सपना देखता है। टोंड फेस पाने के लिए लोग कितनी ही मेहनत करते हैं। कॉस्मेटिक सर्जरी से लेकर मेकअप तक न जाने लोग क्या-क्या ट्राई नहीं करते। अब जाहिर-सी बात है कि हर किसी के लिए कॉस्मेटिक सर्जरी तो पॉसिबल नहीं है, लेकिन हर कोई फेस को टोंड करने के लिए फेस योग जरूर कर सकता है। आइए, जानते हैं फेशियल योग (द्धड्डष्द्धड्डद्य 4श्रद्दड्ड) के बारे में-

मुंह फुलाओ : यह एक्सरसाइज चेहरे की मांसपेशियों में ब्लड सर्कुलेशन को तेज करने में मदद करेगा। बढ़ा हुआ ब्लड सर्कुलेशन आपके ऊपरी गाल की मांसपेशियों को पोषण देगा जिससे आपके चेहरे की विशेषताएं तेज और नुकीले दिखेंगी।

कैसे करें- अपने मुंह को हवा से भरें और 1० सेकंड के लिए अपनी सांस को रोककर रखें। अब हवा की दिशा को अपने गाल के दाहिनी ओर मोड़ें और 1० सेकंड के लिए इस प्रक्रिया को दोहराएं। अपने गाल के बाईं ओर भी यही एक्सरसाइज करें।

माथे की मसाज : इस एक्सरसाइज की प्रैक्टिस करने से आपकी भौंहों को झड़ने से रोकने में मदद मिलेगी और आपको माथे की झुर्रियों से छुटकारा पाने में मदद मिलेगी। माथे की झुर्रियां माथे पर पड़ने वाले सिलवटों और ड्रायनेस से होती है।

कैसे करें - अपनी तर्जनी और मध्यमा को अपनी भौहों के नीचे रखें। अपनी हथेली और उंगलियों को अपने चेहरे पर टिकाएं, सुनिश्चित करें कि पूरी प्रक्रिया के दौरान आपकी आंखें खुली रहें। अपनी उँगलियों का उपयोग करके भौंहों के ऊपर और नीचे की ओर सॉफ्ट मोशन से करें। इस प्रक्रिया के 3 सेट करें, प्रत्येक सेट 3० सेकंड का होना चाहिए, बाद में अपने चेहरे को आराम दें।

गर्दन और होंठों पर फोकस : यह एक कठिन काम हो सकता है, लेकिन यह आपको टोंड जॉलाइन बनाने में मदद करेगा। यह एक्सरसाइज आपकी गर्दन, मुंह और गाल की मांसपेशियों पर फोकस करता है।

कैसे करें- अपने निचले होंठ को अपने मुंह के एक तरफ पीछे की ओर रखें। आपकी गर्दन की मांसपेशियों पर दबाव महसूस होगा। 1० सेकंड के लिए इसकी प्रैक्टिस करें। इस प्रैक्टिस को करते समय आपकी गर्दन में एक सिकुड़न का अनुभव होगा। इस प्रक्रिया को कम से कम 15 बार दोहराएं।

# पॉप्युलर हो रहे स्टैंडिंग डेस्क!

ऑफिस में घंटों तक बैठे-बैठे काम करना थकान भरा और उबाऊ तो होता ही है, लेकिन सेहत के लिए भी नुकसानदायक होता है। शायद यही वजह है कि अब अपने कर्मचारियों की सेहत को देखते हुए कई टेक कंपनियों ने अपने यहां स्टैंडिंग डेस्क का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है।

इन डेस्कों की खास बात यह है कि बस बटन दबाकर इन्हें सीट के लेवल में लाया जा सकता है। यानी आप चाहे तो बैठकर काम कर सकते हैं, लेकिन जब असहज महसूस होने लगे तो फिर बटन दबाकर उसे ऊपर कर सकते हैं ताकि खड़े रहकर काम किया जा सके। बेंगलुरू स्थित इन्वेस्टमेंट बैंकिंग कंपनी गोल्डमेनसेक्स के सभी ऑफिसों के वर्क डेस्क स्टैंडिंग ही हैं। इनकी मदद से कर्मचारी अब पहले के मुकाबले अधिक मूव कर पाते हैं और सीट पर कम बैठते हैं। कुछ कर्मचारी तो ऐसे भी हैं तो लगातार 2 घंटे तक खड़े रहकर काम करना पसंद करते हैं।

स्टैंडिंग डेस्क के फायदे : 1- घंटों तक बैठे-बैठे काम करने से वजन बढ़ने और तोंद निकलने का खतरा रहता है, लेकिन स्टैंडिंग डेस्क की मदद से इससे निजात पायी जा सकती है। बैठे रहने से बेहद कम कैलरी बर्न होती हैं, जिसके कारण वजन बढ़ने लगता है, लेकिन खड़े रहने से काफी कैलरी बर्न हो जाती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, सप्ताह में अगर रोजाना कुछ देर खड़े रहकर काम किया जाए तो इससे कम से कम 1 हजार कैलरी बर्न होती हैं।

2- एक स्टडी के अनुसार, स्टैंडिंग डेस्क यानी स्टैंड-अप डेस्क पर काम करने से ब्लड शुगर को कंट्रोल किया जा सकता है। 1० ऑफिस कर्मचारियों पर जब एक स्टडी की गयी तो उसमें सामने आया कि 18० मिनट तक खड़े होकर काम करने से उनका ब्लड शुगर लेवल 43 फीसदी कम हो गया। जबकि इतने ही समय तक बैठने के दौरान ब्लड शुगर तेजी से बढ़ गया। 3- ऑफिस में घंटों तक बैठकर काम करने से सबसे ज्यादा दिक्कत कमर में होती है। ज्यादातर ऑफिस कर्मचारी कमर दर्द की शिकायत करते हैं। लेकिन स्टैंडिंग डेस्क की मदद से इसे कम किया जा सकता है।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

-प्रबंधक विज्ञापन

# ब्रेकफास्ट से जुड़ी ये गलतियां स्वास्थ्य को पहुंचा सकती हैं नुकसान



ब्रेकफास्ट दिन का पहला और सबसे महत्वपूर्ण आहार है। हालांकि, व्यस्तता के कारण कुछ लोग ब्रेकफास्ट ही नहीं करते हैं और जो लोग ब्रेकफास्ट करते हैं वो अक्सर गलत तरीके से खान-पान की चीजों का सेवन करते हैं, जिसका सीधा नकारात्मक प्रभाव सेहत पर पड़ता है। आइए आज हम आपको ब्रेकफास्ट से जुड़ी पांच ऐसे गलतियों के बारे में बताते हैं, जिनसे आपको बचना चाहिए।

ब्रेकफास्ट को नजरअंदाज करना

अगर आप किसी भी वजह से ब्रेकफास्ट को नजरअंदाज कर देते हैं तो यही सबसे बड़ी गलती है। ब्रेकफास्ट पूरे दिन का सबसे जरूरी आहार होता है। ब्रेकफास्ट करने से मेटाबॉलिज्म शुरू होता है और पूरे दिन की ऊर्जा मिलती है। हालांकि, अगर आप इसे नजरअंदाज करते हैं तो इससे आप कई गंभीर बीमारियों से घिर सकते हैं। इसलिए किसी भी हाल में ब्रेकफास्ट करना न छोड़े।

मीठी चीजों का सेवन

अगर आप ब्रेकफास्ट में मीठी चीजें खाते हैं तो आज से ही बंद कर दें क्योंकि यह भी एक गलती है। कुछ लोग सीरिअल्स, पैनकेक, डोनट्स, टार्ट्स आदि का सेवन ब्रेकफास्ट में करने लगे हैं, लेकिन ये चीजें उच्च चीनी से युक्त होती हैं, जो न सिर्फ आपके रक्त शर्करा और इंसुलिन के स्तर को अनियंत्रित कर सकती हैं बल्कि वजन के बढ़ने का भी कारण बन सकती हैं।

गलत जूस का सेवन करना

जूस का सेवन स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होता है, लेकिन ध्यान रखें कि यह घर में बना होना चाहिए। इससे हमारा मतलब है कि जूस के सेवन के लिए पैकेज्ड जूस का सेवन करना गलत है क्योंकि इनमें से अधिकतर अधिक चीनी, आर्टिफिशियल रंग और आर्टिफिशियल स्वाद से युक्त होते हैं, इसलिए इनका सेवन सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। हमेशा घर में बना बिना चीनी का जूस पीएं।

अधिक कार्बोहाइड्रेट का सेवन

कार्बोहाइड्रेट स्वस्थ होते हैं, लेकिन सिंपल वाले नहीं। कार्बोहाइड्रेट दो तरह (सिंपल और कॉम्प्लेक्स) के होते हैं और इनमें से ब्रेकफास्ट में सिंपल कार्बोहाइड्रेट वाली चीजें खाने से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। इसके अतिरिक्त, बहुत अधिक कार्बोहाइड्रेट खाने से कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ सकता है। यह वजन बढ़ाने से लेकर मधुमेह जैसी समस्याएं भी उत्पन्न कर सकता है।

संतुलन की कमी

अगर आपका पूरा ध्यान सिर्फ एक पोषक तत्व लेने पर होता है तो यह भी एक गलती है। इसलिए आप सिर्फ एक पोषक तत्व पर ध्यान केंद्रित करने की बजाय सभी पोषक तत्वों की संतुलन मात्रा लेने पर ध्यान दें। सुनिश्चित करें कि आपकी डाइट में कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट, स्वस्थ वसा, फाइबर और उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व जरूर हों। इन सभी पोषक तत्वों से युक्त ब्रेकफास्ट स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।(आरएनएस)

# ज्योति सक्सेना ने पेरिस में बिखरे अपनी खूबसूरत अदाओ के जलवे

छुट्टियां सबसे प्रशंसनीय इच्छाओं में से एक होती हैं, जिन्हें हम हमेशा पूरा करना चाहते हैं। हमारी बकेट लिस्ट वेकेशन से लेकर पसंदीदा स्थान तक चीजों को टिक करना, इसे वास्तविकता बनाने के लिए हमारे द्वारा किए गए मेहनत को प्रदर्शित करता है। ज्योति सक्सेना ने अपनी पैरिस में अपनी छूतियो का आनंद लेती हुई दिखाई दे रही हैं। ज्योति सक्सेना ने एफिल टॉवर का दौरा करके अपनी पैरिस यात्रा की और आइफ़िल टॉवर की झलक के साथ अपनी कुछ खूबसूरत तस्वीरें साझा कीं, जो हमे उनकी खूबसूरती पर मदहोश करके, हमारा दिल जीत रही हैं।

ज्योति सक्सेना, जिनकी सोशल मीडिया पर बड़ी फैन फॉलोइंग है, पेरिस की सड़कों से एक तस्वीर साझा की, अभिनेत्री ने अपने करियर में बहुत कुछ हासिल किया है, और उपलब्धि की नई ऊंचाइयों को छू रही है। ज्योति, जो इस समय अपने परिवार के साथ छुट्टी पर है, अक्सर अपने इंस्टाग्राम फॉलोअर्स को अपनी पैरिस यात्रा की पोस्ट और कहानियों के साथ अपडेट करती है। अभिनेत्री आइफ़िल टॉवर के सामने पोज़ देते हुए कुछ तस्वीरें साझा कीं। तस्वीर में, वह लाल रंग की मिनी-लेयर्ड ड्रेस में पोज़ देते हुए मुस्कुराते हुए दिख रही है, जिस पर एक बेल्ट है, जो उनकी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट करता है, लुक और ग्लैम में जोड़ने के लिए, उसने एक लाल फ्रांसीसी आर्टिस्ट बैरेट कैप पहना। उसने मेकअप और परफेक्ट लिप शेड के साथ ढीले कर्ल में अपने बालों को खुला छोड़ दिया, जिससे अभिनेत्री हमारी आँखों में आकर्षित लग रही है। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -56

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | | |
| | ■ | 11 | | ■ | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | ■ | ■ | 14 | | | ■ | ■ |
| 15 | | 16 | | ■ | | ■ | ■ | 17 |
| | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ | |
| | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 55 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | ■ 3 | आ | वा | जा | ही | ■ 6 | ■ 4 |
| मा | ■ | खू | ब | ■ 8 | दू | र | स्थ | ■ |
| ना | दा | न | ■ | सा | ग | ■ 10 | ल | क्ष्य |
| ■ 12 | न | ख | ■ | त | र | ल | ■ | ■ |
| ■ 12 | वी | रा | न | ■ | ■ 15 | च | ट | क |
| ■ 17 | र | ब | ■ 18 | आ | ज | क | ल | ■ |
| ■ | ■ 17 | ■ 21 | आ | ग | ■ 19 | दा | ना | ■ |
| ■ 23 | अ | ग | र | म | ग | र | ■ 23 | क्रो |
| भा | भी | ■ | ती | न | ■ 26 | ■ | व | ध |

# अलीबाबा और चालीस चोर में अपने काम को लेकर सायंतनी घोष ने साझा किया अनुभव

प्रसिद्ध लाइन खुल जा सिम सिम से तो सभी परिचित हैं, एक ऐसा चरित्र जो अलीबाबा और चालीस चोर की कहानी में आदेशों का पालन करता है और अब, सायंतनी घोष अलीबाबा - दास्तान-ए-काबुल में सिम सिम की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह साझा करती है, मैं प्रत्येक शूट के साथ नए तरीकों से सिम सिम की पहचान और यात्रा की खोज कर रही हूं। पूरे दिन हार्नेस पर रहने और हर दिन मेकअप और पोशाक के लिए 2 घंटे समर्पित करती हूं। बहुत सारे काम के बाद थकान होती है, ये सभी भावनात्मक और शारीरिक चुनौतियाँ हमारे पूरे दल के अविश्वसनीय काम के आधार पर इसके लायक हैं। नागिन की प्रसिद्धि उनके चरित्र के बारे में आगे बताती है और आगे कहती है, सिम सिम प्यार से प्रेरित है और अलीबाबा - दास्तान-ए-काबुल में कथा को व्यवस्थित करने के लिए रिंगमास्टर बन जाती है। शो के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री इस बात पर जोर देती है कि दर्शक वैसी कहानी नहीं देखने जा रहे हैं जैसा उन्होंने कई बार देखा या पढ़ा है और सबसे महत्वपूर्ण सिम सिम कमांड का पालन करने वाला चरित्र नहीं होगा बल्कि खलनायक के रूप में दिखाया जाएगा। अभिनेत्री ने कहा, मुझे यकीन है कि आप सभी अलीबाबा की कहानी, अनाथ बच्चों के लिए उसके प्यार और चालीस चोरों से परिचित हैं। हालांकि, यह नियमित अलीबाबा और चालीस चोर एक गुफा की कहानी नहीं है। वास्तव में, हमारी कहानी गहन मोड़ और नाटकीय घटनाओं से भरी हुई है। उन्होंने अंत में कहा, अलीबाबा की अनगिनत यात्राओं और उसके द्वारा पार की गई बाधाओं को देखने के अलावा, आप पहली बार सिम सिम के चरित्र को न केवल एक कमांड के रूप में देखेंगे, बल्कि इस शो में एक चरित्र के रूप में भी देखेंगे एक खलनायक जिसकी भावनाएं और अतीत शो में अत्यधिक महत्व दिया जाता है। अलीबाबा-दास्तान-ए-काबुल सोनी सब पर प्रसारित होता है।

# साइड कट ड्रेस में अरबाज खान की गर्लफ्रेंड का दिखा सिजलिंग लुक

बॉलीवुड एक्टर अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं रह गई हैं. अरबाज और जॉर्जिया लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं. मलाइका अरोड़ा के तलाक के बाद अरबाज का नाम जॉर्जिया के साथ जुड़ा था. इसी कारण वह देखते ही देखते इंडस्ट्री में छा गई थीं.

बोल्ड लुक्स के कारण चर्चा में रहती हैं जॉर्जिया

जॉर्जिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह अक्सर फैंस के साथ जुड़ी रहने के लिए अपनी तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं. अब एक बार फिर से जॉर्जिया ने अपनी दिलकश अदाओं का जादू अपने चाहने वालों पर चलाया है. हाल ही में जॉर्जिया ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ फोटोज पोस्ट की हैं.

फोटोज में जॉर्जिया सिल्वर कलर की साइड कट ड्रेस पहने दिखाई दे रही हैं. इस दौरान वह अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं. लुक को कंप्लीट करने के लिए जॉर्जिया ने न्यूड मेकअप किया है और बन बनाया हुआ है. इस लुक में वह इतनी बोल्ड लग रही हैं कि उन पर से लोगों के लिए नजरें हटाना मुश्किल हो गया है. यहां जॉर्जिया कैमरे के सामने बेबाकी के साथ अलग-अलग पोज देती नजर आ रही हैं. इस लुक में वाकई बेहद हॉट और ग्लैमरस लग रही हैं. अब कुछ ही घंटों में जॉर्जिया की ये फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो गई हैं. फैंस इस पर कमेंट कर उनकी खूब तारीफों के पुल बांध रहे हैं.

# सोनाक्षी के भाई के निर्देशन में बनी पहली फिल्म में अर्जुन रामपाल शामिल

बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल, जिन्हें आखिरी बार कंगना रनौत-स्टारर धाकड़ में प्रतिपक्षी के रूप में देखा गया था, आगामी थ्रिलर फिल्म निकिता रॉय एंड बुक आफ डार्कनेस में एक कैमियो भूमिका में नजर आएंगे।

फिल्म हाल ही में लंदन में फ्लोर पर गई है और इसकी शूटिंग ब्रिटेन की राजधानी और यूके के अन्य हिस्सों में की जाएगी। कलाकारों में शामिल होने के बारे में बात करते हुए, अर्जुन कहते हैं, इस फिल्म में एक कैमियो करना एक वास्तविक खुशी थी, क्योंकि इसने मुझे परेश रावल के साथ फिर से जोड़ा, जिन्हें मैं प्यार करता हूं, निकी विक्की जिन्हें मैंने बच्चों के रूप में और अब निमार्ता के रूप में देखा है।

साथ ही मैं सिन्हा परिवार से बहुत प्यार करता हूं और कुश को इतना अच्छा काम करते हुए और सोनाक्षी को बिल्कुल अलग अवतार में देखकर बहुत खुश हूं।अभिनेता ने कहा, निकिता रॉय और बुक आफ डार्कनेस एक ऐसी फिल्म होगी, जिस पर ध्यान दिया जाएगा और मैं पूरी टीम को इसके लिए शुभकामनाएं देता हूं, क्योंकि उनके साथ काम करने में मुझे बहुत मजा आया।

फिल्म में परेश रावल और सुहैल नय्यर भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं और सोनाक्षी सिन्हा के भाई कुश एस सिन्हा के निर्देशन में पहली फिल्म है। निकिता रॉय एंड द बुक आफ डार्कनेस निक विक्की भगनानी फिल्म के निकी भगनानी, विक्की भगनानी और अंकुर तकरानी, क्रेटोस एंटरटेनमेंट, निकिता पाई फिल्म्स की किंजल घोने और दिनेश गुप्ता द्वारा निर्मित है। फिल्म के 2०23 में रिलीज होने की उम्मीद है। (आरएनएस)

# सत्यप्रेम की कथा के लिए खुद को बदलेंगे कार्तिक आर्यन



कार्तिक आर्यन बीते दिनों अपनी फिल्म भूल भुलैया 2 की सफलता के बाद छा गए थे। इस फिल्म में कार्तिक के साथ कियारा आडवाणी नजर आई थीं। अब कार्तिक अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उनकी फिल्म सत्यप्रेम की कथा की रिलीज डेट की घोषणा हुई थी। खबर है कि इस फिल्म के लिए कार्तिक कड़ी तैयारी करेंगे। फिल्म में उनका जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिलेगा।

रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म के लिए कार्तिक अपने शारीरिक व्यक्तित्व को काफी हद तक बदल देंगे। इसके लिए वह कड़ी तैयारी करेंगे। कार्तिक अपना काफी समय वर्कशॉप्स और ट्रेनिंग में बिताएंगे। सिर्फ शारीरिक बनावट ही नहीं, कार्तिक अपनी आवाज के उतार-चढ़ाव को बदलने पर भी काम करेंगे। कार्तिक ने पहले कहा था कि वह ऐसी भूमिकाएं तलाश रहे हैं जो उन्हें चुनौती दें। जो वह कर चुके हैं उसे करने का कोई फायदा नहीं है।

सत्यप्रेम की कथा एक म्यूजिकल लव स्टोरी है। भूल भुलैया 2 के बाद फिल्म में एक बार फिर से कार्तिक और कियारा की जोड़ी दिखाई देगी। फिल्म में कार्तिक सत्यप्रेम का किरदार निभाएंगे और कियारा कथा के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन समीर विद्वंस कर रहे हैं। नाडियाडवाला ग्रैंडसन के बैनर तले बन रही यह फिल्म अगले साल 29 जुलाई को रिलीज होगी। फिलहाल फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

कार्तिक और कियारा की सत्यप्रेम की कथा काफी समय से चर्चा में थी। 31 जुलाई को कियारा के जन्मदिन के मौके पर कार्तिक ने फिल्म से दोनों का लुक भी शेयर किया था। पहले इस फिल्म का नाम सत्यनारायण की कथा था। इस नाम के लिए निर्माताओं पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगा था और फिल्म का विरोध हुआ था। इसके बाद फिल्म का नाम बदल दिया गया।

फिल्मों में अपने किरदार के लिए अभिनेता अकसर कड़ी मेहनत से खुद को ढालने की कोशिश करते हैं। यह बदलाव सिर्फ लुक के लिए नहीं, बल्कि अपनी चाल-ढाल और संवाद में भी किए जाते हैं। बीते दिनों फिल्म पठान में शाहरुख खान के नए लुक को काफी प्रशंसा मिली है। इन दिनों चर्चित फिल्म लाइगर के लिए विजय देवरकोंडा ने भी ऐसा ही किया था। शेरशाह में खुद में किए बदलाव के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा को खूब सराहना मिली थी।

कार्तिक की आने वाली अन्य फिल्मों की बात करें तो उनकी फिल्म शहजादा अगले साल वैलेंटाइन्स वीक में रिलीज होगी। इस फिल्म में उनके साथ कृति सैनन नजर आएंगी। (आरएनएस)

# इमली की बेटी बनेगी मेघा चक्रवती! लीप के बाद शो में करेगी धांसू एंट्री

स्टारप्लस के धमाकेदार शो इमली ने लोगों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। सुंबुल तौकीर खान और फहमान खान स्टारर इमली लोगों को खूब पसंद आ रहा है, साथ ही सीरियल टीआरपी लिस्ट में भी नंबर चार पर बना हुआ है। लेकिन खास बात तो यह है कि शो में जल्द ही जनरेशन लीप आने वाला है। दरअसल, इमली को 2० साल आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसकी वजह से जहां कुछ पुराने किरदारों की छुट्टी हो जाएगी तो वहीं कुछ नए कलाकारों की एंट्री होगी। इमली के लिए एक हसीना को अप्रोच भी किया गया है, जो पहले भी स्टार प्लस का हिस्सा रह चुकी हैं।

टीवी की यह हसीना कोई और नहीं बल्कि मेघा चक्रवर्ती हैं, जिन्हें इमली के अपकमिंग सीजन के लिए अप्रोच किया गया है। हालांकि उनके किरदार को लेकर अभी तक कुछ साफ नहीं हो पाया है। एंटरटेनमेंट के गलियारे से आ रही खबरों के मुताबिक, मेघा चक्रवर्ती आगे चलकर चीनी का किरदार निभा सकती हैं, लेकिन अभी तक उनकी एंट्री को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। न तो मेघा चक्रवर्ती ने और न ही मेकर्स ने मामले पर अभी तक कुछ कहा है।

बता दें कि एंटरटेनमेंट के खजाने यानी इमली में 2० साल का जनरेशन लीप दिखाया जाएगा, जिसमें पूरी कहानी इमली के बच्चे के इर्द-गिर्द घूमेगी। मेघा चक्रवर्ती से पहले एक और टीवी कलाकार का नाम सामने आया था जो सुंबुल तौकीर खान के शो इमली का हिस्सा बन सकता है। वह कलाकार कोई और नहीं बल्कि आशय मिश्रा हैं। खबरों की मानें तो वह शो में फहमान खन को रिप्लेस करेंगे, हालांकि उनकी एंट्री पर भी मेकर्स ने चुप्पी साधी हुई है।

सुंबुल तौकीर खान और फहमान खान स्टारर इमली को लेकर माना जा रहा था कि जनरेशन लीप की वजह से शो से दोनों कलाकारों की छुट्टी हो जाएगी। लेकिन अब खबर आ रही है कि केवल फहमान खान इमली को अलविदा कहेंगे। हालांकि उनकी रिप्लेसमेंट से फैंस जरा भी खुश नहीं हैं।

# नेटफ्लिक्स ने जारी किया जोगी का ट्रेलर, दिखा सिख दंगों का दर्द




नेटफ्लिक्स ने दिलजीत दोसांझ स्टारर फिल्म जोगी का ट्रेलर रिलीज कर दिया। यह फिल्म 1984 के सिख दंगों पर आधारित है। फिल्म में दिलजीत के साथ कुमुद मिश्रा, जीशान आयुब, हितेन तेजवानी और आमायरा दस्तूर भी नजर आ रहे हैं। फिल्म का प्लॉट 1984 की दिल्ली पर केंद्रित है। यह दंगों के बीच दोस्ती और प्यार की कहानी है। अली अब्बास जफर की यह फिल्म 16 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

ट्रेलर की शुरुआत होती है 31 अक्टूबर 1981 की तारीख से और जगह है दिल्ली। पहले दृश्य में एक सिख परिवार का एक आम दिन दिखाया जाता है। इसके बाद कुछ घटनाएं होती हैं और शहर में दंगा भड़क जाता है। जोगी (दिलजीत) अपने परिवार की सुरक्षा के लिए भागता है। हालांकि, वह दिल्ली छोड़ने से मना कर देता है क्योंकि वह वहां के लोगों को अपना परिवार मानता है। जोगी दंगों के बीच भावनात्मक रिश्तों को दर्शाती है।

ट्रेलर रिलीज के दौरान दिलजीत ने मीडिया से फिल्म के बारे में बातचीत की। उन्होंने कहा, मैं जो भी किरदार निभाता हूं, मैं उससे कुछ सीखता हूं। जो किरदार करने के लिए मेरा मन नहीं मानता, मैं उसे नहीं कर सकता। इस फिल्म की मेरे दिल में खास जगह है। मुझे गर्व है कि यह नेटफ्लिक्स जैसे ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो रही है जिसकी बड़ी पहुंच और प्रभाव है।

निर्देशक अली अब्बास जफर ने कहा, यह फिल्म दोस्ती, उम्मीद हिम्मत और भाइचारे की कहानी है। साथ ही फिल्म इंसानी रिश्तों की नजाकत पर भी चोट करती है। इस कास्ट और क्रू के साथ शूट करना मेरे लिए बेहतरीन रहा। इस फिल्म को हिमांशु मेहरा और अली अब्बास जफर ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। अली अब्बास का यह दूसरा हृझ्रञ्ज प्रोजेक्ट है। इससे पहले उन्होंने तांडव का निर्देशन किया था।

बीते साल डिज्नी+ हॉटस्टार पर आई वेब सीरीज ग्रहण भी सिख दंगों पर आधारित थी इस शो पर खूब बवाल हुआ था। सनी देओल की गदर 2 पर काम चल रहा है। चर्चा है कि इस फिल्म के प्लॉट का केंद्र भी सिख दंगा होगा। (आरएनएस)

# मुखरता के लिए मशहूर जज

विनीत नारायण

जब भी कभी किसी के बीच कोई विवाद उठता है, और वो लोग किसी नतीजे पर नहीं पहुंचते तो अदालत का रुख करते हैं।

ऐसा इसलिए होता है क्योंकि जनता को न्यायालयों पर पूरा विश्वास है परंतु भारत के न्यायतंत्र में लंबित मामलों की संख्या लगभग पांच करोड़ के पार चली गई है। हाल ही में देश के कानून मंत्री ने संसद में कहा कि यदि कोई जज ५० मामलों का निपटारा करता है, तो १०० और नये मामले दर्ज हो जाते हैं। देश के न्यायालयों में जजों की संख्या कम है, और मामलों की काफी अधिक। ऐसे में न्याय मिलने की बजाय वादी को मिलती है तो सिर्फ एक नई तारीख।

कोविड महामारी ने दुनिया भर में 'ऑनलाइन' कार्य को काफी बढ़ावा दिया और इससे संसाधनों की काफी बचत भी हुई। शुक्रवार को रिटायर हुए देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एन वी रमना ने अपना पद संभालने के कुछ ही हफ्तों में इस बात पर काफी जोर दिया था कि सर्वोच्च न्यायालय में होने वाली सुनवाई का सीधा प्रसारण किया जाना चाहिए। जस्टिस रमना के अनुसार ऐसा करना इसलिए उचित रहता क्योंकि अदालत में हुई सुनवाई जनता तक बिना किसी निहित स्वार्थ के सेंसर किए पहुंचती। उन्होंने मुकदमों की मीडिया रिपोर्टिंग पर सवाल उठाते हुए कहा था कि कई बार संदर्भ से हटकर खबरें छाप दी जाती हैं। इसलिए यदि कोर्ट की सुनवाई का सीधा प्रसारण किया जाए तो वो जनता के हित में ही होगा।

आज तकनीक का कमाल है कि हम घर बैठे आराम से शॉपिंग कर लेते हैं। कोविड महामारी के चलते जब कोर्ट में केवल ऑनलाइन सुनवाई हो रही थी तब कोर्ट की कार्यवाही नहीं रुकी, बल्कि लोग अपने घरों से ही कोर्ट की सुनवाई में शामिल होते थे। ऐसे में अदालतों की सुनवाई यदि अधिक से अधिक ऑनलाइन तरीके से होती है, तो इसके कई फायदे होते हैं। यदि कोर्ट की सुनवाई का सीधा प्रसारण भी हो तो कोर्ट में फालतू की भीड़ भी नहीं लगेगी। अदालत की कार्यवाही को कवर करने वाले पत्रकारों को भी इसका लाभ पहुंचेगा। किसी भी उच्च न्यायालय या उस न्यायालय में, जहां एक से अधिक कोर्ट रूम होते हैं, पत्रकारों की दिक्कत तब बढ़ जाती है, जब एक से अधिक खास मामले दो अलग-अलग कोर्ट में चल रहे होते हैं। यदि सुनवाई का सीधा प्रसारण हो और वो सुनवाई के बाद भी देखा जा सके तो सुनवाई की खबर लिखने में आसानी हो जाती है।

इससे पहले रांची में एक भाषण के दौरान जस्टिस रमना ने कहा था, 'न्याय से जुड़े मुद्दों पर गलत सूचना और एजेंडा चलाना स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।' तब मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमना की इस पहल को सभी ने सराहा था। उनके कार्यकाल के आखिरी दिन भारत के इतिहास में पहली बार सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का सीधा प्रसारण देखने को मिला। इस सुनवाई को एक 'सेरिमोनियल बेंच' का नाम दिया गया। इस सुनवाई में शुरु आती दौर में जरूरी मामलों की अगली तारीख तय करने संबंधित कार्यवाही हुई। इसके पश्चात न्यायमूर्ति रमना को अधिवक्ताओं द्वारा विदाई देने की प्रक्रिया शुरू हुई। सीधे प्रसारण में वकीलों से खचाखच भरी हुई कोर्ट नम्बर एक का नजारा देखने लायक था। कोर्ट रूम के अलावा कई वरिष्ठ अधिवक्ता ऑनलाइन रूप से भी जुड़े हुए थे। एक-एक करके कभी कोर्ट रूम से तो कभी ऑनलाइन मोड से सभी जस्टिस रमना को उनकी शानदार पारी के लिए बधाई दे रहे थे।

विदाई देते हुए अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने कहा कि आपके रिटायरमेंट से हम एक बुद्धिजीवी और एक उत्कृष्ट न्यायाधीश खो रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि आपने अपने परिवार के अलावा वकीलों और जजों के परिवारों का भी खास ख्याल रखा। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने जस्टिस रमना की कार्यशैली की तारीफ करते हुए उनके द्वारा लिए गए फैसलों और उनके 16 महीने की अवधि दौरान अदालत के कामकाज में किए गए बड़े सुधारों के लिए भी याद किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में जजों की रिक्त पदों को भरने का काम किया। उनके कार्यकाल में जिला अदालतों और हाई कोर्ट्स में जजों की संख्या में भी इजाफा किया गया। उन्होंने 'जज-टू-पॉपुलेशन रेश्यो' की बात की और कहा कि इसी तरीके से केस लोड को कम किया जा सकता है। एन वी रमना के कार्यकाल में 15 हाई कोर्ट्स के चीफ जस्टिस भी नियुक्त हुए हैं।

अधिवक्ताओं द्वारा दिए गए विदाई संदेशों में कई महिला वकीलों ने भी जस्टिस रमना को उनके द्वारा महिला वकीलों के लिए उठाए गए महत्त्वपूर्ण कदमों के लिए याद किया और आभार व्यक्त किया। मुख्य न्यायधीश की अदालत में उस समय भावुक माहौल बन गया जब वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे जस्टिस रमना को जनता का जज बताते हुए अपनी बात कहते-कहते रो पड़े। वे बोले, 'मैं आज अपनी भावनाओं को रोक नहीं रख सकता। आपने रीढ़ के साथ अपना कर्तव्य निभाया। आपने अधिकारों को बरकरार रखा, आपने संविधान को बरकरार रखा, आपने जांच और संतुलन की व्यवस्था बनाए रखी। मुझे बहुत संतोष है कि आपका आधिपत्य न्यायमूर्ति ललित के हाथों में अदालत छोड़ रहा है। हम आपको मिस करेंगे।' मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना ने अपने कार्यकाल के दौरान 225 न्यायिक अफसरों और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति की सिफारिश भी की। जस्टिस रमना के कार्यकाल के दौरान सुप्रीम कोर्ट में 11 जजों की नियुक्ति की गई। इनमें महिला जज सुश्री बीवी नागरत्ना भी शामिल हैं। 2027 में वे देश की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश होंगी।

जस्टिस रमना को उनकी मुखरता के लिए भी जाना जाएगा। उनके एक बयान की काफी चर्चा हुई थी, जिसमें उन्होंने कहा था, 'मैं नेता बनना चाहता था, लेकिन न्यायिक क्षेत्र में आ गया।' अपने कार्यकाल में जस्टिस रमना के सामने कई अहम मामले आए जो सुर्खियों में रहे। इनमें राजद्रोह मामला, बिलकिस बानो गैंग रेप मामला, पेगासस मामला, ईडी के निदेशक की सेवा विस्तार का मामला और शिवसेना पर अधिकार मामला आदि थे। आने वाले समय में यह देखना होगा जिन अहम मामलों की सुनवाई पूरी किए बिना जस्टिस रमना सेवानिवृत्त हो गए, उन पर भविष्य के मुख्य न्यायाधीशों का क्या रु ख रहने वाला है।

## फोटोशूट के लिए बोल्ड हुई पूजा बनर्जी

टीवी शो देवों के देव महादेव में माता पार्वती का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हुई एक्ट्रेस पूजा बनर्जी का परिचय देने की जरूरत नहीं रह गई है. अपने एक्टिंग करियर में कई वह शोज का हिस्सा रह चुकी हैं, लेकिन पूजा को कोई खास लोकप्रियता हासिल नहीं हो पाई. हालांकि, इसके बावजूद वह लाइमलाइट से दूर नहीं हैं. पिछले लंबे वक्त से वह अपनी बोल्डनेस के कारण काफी चर्चा में रहने लगी हैं.

सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं पूजा

एक्ट्रेस ने अपनी अदाओं से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है. ऐसे में अब उनके फैंस को भी बेसब्री से उनके नए लुक्स का इंतजार रहने लगा है. पूजा अपने चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. वह लगभग हर दिन अपनी तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं. अब फिर से पूजा के नए अवतार ने उनके चाहने वालों के होश उड़ा दिए हैं.

इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में पूजा को पिंक कलर की थाई-हाई स्लिट ड्रेस पहने देखा जा सकता है.

इस लुक को कंप्लीट करने के लिए उन्होंने न्यूड मेकअप किया है और बालों को खुला छोड़ा हुआ है. इसके साथ पूजा ने हील्स पेयर किए हैं. यहां वह अलग-अलग पोज देती दिखाई दे रही हैं.

इस लुक में पूजा वाकई काफी बोल्ड लग रही हैं. अब फैंस उनकी इन अदाओं पर फिदा हो गए हैं. लोगों उनकी तारीफें करते हुए खूब कमेंट्स किए हैं. वहीं, कुछ ही देर में पूजा की फोट पर हजारों लाइक्स आ चुके हैं.

## सू- दोकू क्र.56

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.55 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## कार्तिकेय 2 ने 100 करोड़ का आंकड़ा किया पार

अभिनेता निखिल सिद्धार्थ, जिनकी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म कार्तिकेय 2 एक जबरदस्त सफलता के रूप में उभरी है, ने घोषणा की कि फिल्म ने आधिकारिक तौर पर १०० करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है, जिससे यह एक ब्लॉकबस्टर बन गई है। इंस्टाग्राम पर निखिल ने कहा, हमने आधिकारिक तौर पर १०० करोड़ का सकल आंकड़ा और ५० करोड़ शेयर को पार कर लिया है।

कार्तिकेय 2 को पूरे भारत और दुनिया भर में आप का आशीर्वाद मिला है। मुझे एहसास है कि आप सभी ने फिल्म और मुझ पर प्यार और स्नेह बरसाया है। इसे बनाये रखने के लिए हमेशा कोशिश और मेहनत करेंगे।

फिल्म, जो अभी भी सिनेमाघरों में अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखे हुए है, ने हिंदी पट्टी में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है, यहां तक कि राज्य के गणमान्य व्यक्ति भी टीम को बधाई देने जा रहे हैं।

हाल ही में, निखिल सिद्धार्थ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाला जिसमें कहा गया था कि गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने कार्तिकेय 2 की टीम से मुलाकात की और उसकी सराहना की। अभिनेता ने इस पल को पूर्ण सम्मान कहा।

फिल्म की जबरदस्त सफलता ने कई लोगों को सुखद आश्चर्यचकित किया है।

## पाकिस्तान को मदद की जरुरत

वेद प्रताप वैदिक

पाकिस्तान में पहले से ही आर्थिक और राजनीतिक संकट गहराया हुआ है। अब प्राकृतिक संकट ने उसका दम फुला दिया है। घनघोर बरसात और बाढ़ के कारण लगभग आधा पाकिस्तान पानी में डूब गया है। सवा हजार से ज्यादा लोग मर चुके हैं। लाखों लोगों के घर ढह गए हैं। करोड़ लोगों को खाने-पीने की सांसत हो गई है। ४००० किमी की सड़कें उखड़ गई हैं। डेढ़ सौ से ज्यादा पुल ढह गए हैं।

२०१० में भी लगभग ऐसा ही भयंकर दृश्य पाकिस्तान में उपस्थित हुआ था लेकिन इस बार जो महाविनाश हो रहा है, उसके बारे में प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा है कि ऐसा वीभत्स दृश्य उन्होंने अपनी जिंदगी में कभी नहीं देखा।

यदि यही स्थिति दो-तीन दिन और बनी रही तो सिंधु नदी और काबुल नदी का उफनता हुआ पानी पता नहीं कितने करोड़ अन्य लोगों को अनाथ कर देगा। इस साल पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान में हर साल के मुकाबले तीन गुने से ज्यादा पानी बरसा है। कुछ गांवों और शहरों में इस बार ८-१० गुना पानी ने खेत-खलिहान और बस्तियों को पूरी तरह डुबा दिया है। पाकिस्तान के १५० जिलों में से ११० जिले इस वक्त आधे या पूरे डूबे हुए हैं। यदि प्रकृति का प्रकोप इसी तरह कुछ दिन और चलता रहा तो पाकिस्तान की हालत अफगानिस्तान और यूक्रेन से भी बदतर हो सकती है।

उसके नेता अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और कई मुस्लिम राष्ट्रों से मदद की गुहार लगा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने राष्ट्रों के नाम अपील जारी करके पाकिस्तान के लिए मदद मांगी है। ब्रिटेन ने 15 लाख पौंड भिजवाए हैं। ईरान, यूएई और सउदी अरब भी जल्दी ही मदद भिजवानेवाले हैं। यूएई ३००० टन अनाज और दवाइयां भी भिजवा रहा है। हमने श्रीलंका, अफगानिस्तान और यूक्रेन को आड़े वक्त में मदद करके जो सदभावना अर्जित की है, वह अमूल्य है।

जहां तक पाकिस्तान का सवाल है, शाहबाज शरीफ ने भारत के साथ आपसी रिश्ते सुधारने की बात पिछले हफ्ते ही कही थी। यों भी पाकिस्तान के सिंध, पख्तूनख्वाह और बलूच इलाके इस वक्त सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। यदि नरेंद्र मोदी सरकार इस वक्त मदद की पहल करे तो उससे दो लक्ष्य पूरे होंगे। एक तो दक्षिण एशिया के वरिष्ठ राष्ट्र होने का दायित्व हम निभाएंगे।

दूसरा, भारत की मदद से पाकिस्तान की आम जनता इतनी प्रभावित होगी कि उसका असर उसकी फौज पर भी पड़ेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत से लड़ना ही रहा है। यह भी संभव है कि इस पहल के कारण दक्षेस (सार्क) के जो दरवाजे सात-आठ साल से बंद हैं, वे खुल जाएं। हम यह न भूलें कि 1947 में विभाजन की दीवारें हमारे बीच जरुर खिंच गई हैं लेकिन हमारे पहाड़, नदियां, जंगल, मैदान और मौसम एक-दूसरे से अलग नहीं हैं।

# जिलाधिकारी ने की स्वरोजगार करने वालों से मुलाकात व निरीक्षण



नगर संवाददाता

बागेश्वर। जिलाधिकारी रीना जोशी ने बैजनाथ अयारतोली में उद्यमी गणेश दत्त तिवारी की कपड़ा सिलाई फैक्ट्री का निरीक्षण किया। गणेश दत्त जोशी जी-स्पोर्ट्स के नाम से स्कूल ड्रेस, ट्रैकसूट की सिलाई कार्य करते है।

इस अवसर पर गणेश दत्त तिवारी ने बताया कि उन्होंने 25 वर्ष गुड़गाँव में सिलाई फैक्ट्री में कार्य किया, वहाँ से लौट कर उन्होंने गरूड़ में एक मशीन लेकर सिलाई कार्य प्रारम्भ किया। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के अन्तर्गत 2015-16 में 10 लाख ऋण लेकर सिलाई फैक्ट्री संचालित की। आज तिवारी की सिलाई फैक्ट्री में 8 सिलाई मशीने है जिनमें 8 कारीगर कार्य कर रहे है। तिवारी ने बताया कि वे गरूड़, बागेश्वर, बेरीनाग, पिथौरागढ़ के कई स्कूलों के ड्रेस व ट्रैकसूट बनाते है व स्पोट्स के भी उन्हें ऑर्डर मिलते है। अयारतोली में सिलाई फैक्ट्री के साथ ही उनकी एक दुकान टीट बाजार गरूड़ में है, जहाँ से वे व्यापार संचालित करते है। आज वे 30 से 40 हजार प्रतिमाह लाभ अर्जित कर रहे है। तिवारी ने स्वयं स्वरोजगार अपना कर बेटे को भी इस कार्य में जोड़ा है व 8 सिलाई कारीगरों को भी रोजगार देकर एक सफल उद्यमी बनकर कार्य कर रहे हैं, जिलाधिकारी ने उनके कार्य की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने प्रगतिशील काश्तकार एवं उद्यमी चौरसों निवासी चन्द्रशेखर पाण्डे के पारम्परिक जैविक खेती, हिम नैचुरल जैविक उत्पाद व होम स्टे का निरीक्षण किया। पाण्डे पहले मुम्बई में रह कर नौकरी करते थे वहाँ से अपने घर चौरसों आ गये थे। पारम्परिक व जैविक खेती करने लगे तथा धीरे-धीरे उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देकर पहाड़ी अनाज, दालें, मसालें, चाय, औषधीय एवं सगन्ध पौधे आदि का उत्पादन करना प्रारम्भ किया तथा प्रोसेसिंग व ग्राइडिंग मशीनें लगाकर उत्पादों को प्रोसेस, ब्राण्डिंग, ग्राइडिंग कर बेचने लगे। उन्होंने अपने गॉव में हिम नैचुरल जैविक उत्पादन नामक आउटलेट भी खोला है। पाण्डे द्वारा उद्योग विभाग के माध्यम से प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना में 10 लाख का ऋण लेकर होम स्टे बनाया, जिसे वे सफलतापूर्वक संचालित कर रहे है। चन्द्रशेखर पाण्डे एक सफल प्रगतिशील किसान है जिन्होंने परम्परागत जैविक खेती, बागवानी, औषधीय एवं सगन्ध खेती, होमस्टे के साथ ही अब किवी के 150 पौधे लगाकर किवी उत्पादन की ओर भी अग्रसर है। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने उनके कार्यों की सराहना की और अन्य काश्तकारों को भी जोड़ने को कहा।

इसके बाद जिलाधिकारी ने मिनी औद्योगिक आस्थान गरूड़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्होंने महाप्रबन्धक उद्योग को निर्देश दिये कि औद्योगिक संस्थान में खाली पडे 4 सेड (भवन) यदि कोई उद्यमी लेने को तैयार है तो वार्ता कर भवनों की मरम्मत कराकर उन्हें आवंटित करें। इस दौरान उप जिलाधिकारी आर.के. पाण्डेय, महाप्रबंधक उद्योग जीपी दुर्गापाल, मुख्य कृषि अधिकारी एस.एस.वर्मा, सहायक प्रबंधक उद्योग पंकज तिवारी आदि मौजूद थे।

## दो दुपहिया वाहन चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दो स्थानों से दो दुपहिया वाहन चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहपुर निवासी सुन्दर ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। वहीं चुक्खुवाला निवासी विजय ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी स्कूटी दीनदयाल पार्क के पास खडी की थी लेकिन जब वह वहां पर पहुंचा तो उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# विधायक व डीएम ने किया बस अड्डा पार्किंग का भूमि पूजन

नगर संवाददाता



उत्तरकाशी। गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान एवं जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने आज जियोग्रिड दीवार के पास 6 करोड़ 66 लाख से निर्मित होने वाले बस अड्डा पार्किंग का विधिवत भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। बस अड्डा पार्किंग निर्माण का जिम्मा पेयजल निर्माण निगम को दिया गया है। जो एक साल के भीतर निर्माण कार्य को पूरा करेगी। बस अड्डे में एक साथ 16 बसे, 43 टैक्सियां और 51 दोपहिया वाहन पार्क हो सकेंगे।

इस अवसर पर गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने कहा कि जनता की बस अड्डा पार्किंग को लेकर लंबे समय से मांग की जा रही थी, जिसकी आज शुरुआत हो गई है। जल्दी ही बस अड्डा तैयार हो जाएगा। बस अड्डा पार्किंग के लिए धनराशि जारी होने पर विधायक ने मुख्यमंत्री धामी का भी आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि पार्किंग नही होने से स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को भी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब पार्किंग के अस्तित्व में आने से निश्चित रूप से लोगों को इसका लाभ मिलेगा। विधायक ने कहा कि प्रथम चरण में बस अड्डे पार्किंग का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। दूसरे चरण में लीसा डिपो तक पार्किंग का विस्तार कराने का प्रयास किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला मुख्यालय पर बड़ी पार्किंग का होना बेहद जरूरी था। चारधाम यात्रा के दृष्टिगत यह पार्किंग विशेष महत्व रखती है। उन्होंने कार्यदायी संस्था को तय समय के भीतर गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी तीर्थपाल सिंह, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम निर्माण नरेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सेमवाल,सहकारी बैंक के अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत, रावल अशोक सेमवाल,पूर्व ब्लाक प्रमुख चंदन सिंह पंवार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# टेंट का पाइप हाईटेंशन से टकराया, पांच बच्चे झुलसे

हमारे संवाददाता



नैनीताल। लालकुआं कोतवाली क्षेत्र में 5 बच्चों को करंट लगने से गंभीर हादसा हो गया। हादसा घर की छत पर टेंट लगाने के दौरान हुआ। टेंट की लोहे की पाइप हाईटेंशन लाइन से टकराई जिसकी चपेट में आकर 5 बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों ने आनन-फानन में दो बच्चों को सुशीला तिवारी और बाकी को बेस अस्पताल में भर्ती कराया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सगाई कार्यक्रम से पहले टेंट लगाने के दौरान यह हादसा हुआ है। जिस घर में हादसा हुआ वहां एक महिला किराए पर रहती थी और उसकी बेटी की सगाई का कार्यक्रम था। सभी बच्चों की उम्र 6 से 16 साल बतायी जा रही है।

# एटीएम क्लोनिंग से लाखों ठगने वाला 20 हजार का ईनामी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता



अल्मोड़ा। शीघ्र धन कमाने की लालसा में एटीएम क्लोनिंग से लोगों के बैक खातों में सेंध लगाकर, लाखों रुपये उड़ाने वाले एक शातिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लम्बे समय से फरार था, जिस पर 20 हजार का ईनाम घोषित किया गया था।


वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा प्रदीप कुमार राय द्वारा ईनामी बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अल्मोड़ा पुलिस एवम एसओजी टीम को एटीएम क्लोनिंग से धोखाधड़ी करने वाले 20 हजार के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। कोतवाली अल्मोड़ा में पंजीकृत मुकदमें में गैगस्टर एक्ट बनाम नवनीत शुक्ला आदि 3 के खिलाफ के खिलाफ मुकदमें में आरोपियों की गिरफ्तारी के हेतु अथक प्रयास करने के उपरान्त भी आरोपियो की गिरफ्तारी न हो पाने पर नवनीत शुक्ला के खिलाफ में मफरूरी में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। जिस पर विशेष न्यायाधीश गैगस्टर एक्ट द्वारा मफरूर आरोपी नवनीत शुक्ला के खिलाफ स्थायी वारन्ट जारी किया गया। स्थायी वारन्ट की तामील व आरोपी की गिरफ्तारी हेतु एसएसपी अल्मोड़ा के निर्देश पर गठित टीम द्वारा दबिश देकर बीते रोज नवनीत शुक्ला को जिला गौण्डा उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा संगठित होकर समाज में गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ के उद्देश्य से लोगों के साथ तकनीकी रूप से धोखाधड़ी कर स्किमिंग डिवाइस की मदद से एटीएम का डाटा चुराकर एटीएम का क्लोन तैयार कर लोगों के खातो से अवैध रूप से आर्थिक लाभ अर्जित करता था। बताया जा रहा है कि नवनीत शुक्ला बीएड-एमएड शिक्षा प्राप्त है, नौकरी न मिलने पर शीघ्र धन कमाने की लालसा में एटीएम क्लोनिंग कर ठगी का काम कर रहा था, जो वर्तमान में ठेकेदारी करता है।



## एक नजर

# पॉपुलर फ्रंट ऑफइंडिया से जुड़े 32 ठिकानों पर एनआईए के छापे


पटना। बिहार के पटना टेरर मॉड्यूल में जांच को आगे बढ़ाते हुए नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी ने गुरुवार को 32 ठिकानों पर छोपमारी की है। जांच एजेंसी की टीम ने पटना के अलावा दरभंगा में भी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से जुड़े ठिकानों पर छापे मारे हैं। एनआईए की टीम ने पटना के फुलवारी शरीफ में अहतर परवेज के घर पर 2 घंटे तक छापेमारी की। जांच एजेंसी की टीम यहां




सुबह 6 बजे पहुंची थी। एनआईए की दो टीम दरभंगा भी पहुंची। पहली टीम ने उर्दू बाजार के एक लॉज में छापा मारा। यहां गिराफ्तार किए गए नरुद्दीन जंगी के घर से चंद कदम दूर स्थित लॉज पर छापा मारा गया। वहीं, दूसरी टीम ने दरभंगा के सिंघवाड़ा इलाके में छापेमारी की। बता दें कि फुलवारी शरीफ मामले में एनआईए ने 2 अलग अलग थ्र्य दर्ज की हैं। एनआईए ने एक एफआईआर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रोग्राम से पहले रची गई साजिश के मामले में दर्ज की है। इस एफआईआर में 26 संदिग्ध हैं। 14 जुलाई को पटना के फुलवारी शरीफ इलाके में छापेमारी की गई थी। छापेमारी में भारत को इस्लामिक राज्य बनाने के लिए कट्टरपंथी समूह पीएफआई के शमिशन 2047श के बारे में दस्तावेज जब्त किए गए थे।

# जम्मू कश्मीर में फिर कांपी धरती, डोडा और किश्तवाड़ में लगे भूकंप के झटके

जम्मू। जम्मू कश्मीर में गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। बताया जा रहा है कि जम्मू कश्मीर के डोडा और किश्तवाड़ में भूकंप के झटके लगे हैं। रिक्टर पैमाने पर भूकंप के झटकों की तीव्रता 3.5 थी। भूकंप का केंद्र कटरा से 62 किमी दूर 10 किमी की गहराई पर बताया जा रहा है। इससे पहले बुधवार को भी लेह, लद्दाख में भूकंप के झटके लगे थे। तब रिक्टर



पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.7 थी। जम्मू कश्मीर में अगस्त में 14 बार भूकंप आया। ये सभी भूकंप 2.6 से 4.1 तीव्रता के थे। 14 बार आए भूकंप में से 9 बार डोडा में आया। 3 बार उधमपुर में , 2 बार किश्तवाड़ में आया है। डोडा में सबसे अधिक तीव्रता का भूकंप 24 अगस्त को आया था। उस वक्त भूकंप की तीव्रता 4.1 थी।

# याकूब मेनन के कब्र को मार्बल-एलईडी लाइट से सजाने पर विवाद शुरू

मुंबई। 1993 के मुंबई ब्लास्ट के गुनहगार याकूब मेमन के कब्र को लेकर विवाद शुरू हो गया है। याकूब मेमन के कब्र को लेकर भाजपा ने सवाल खड़ा किया है। इसे लेकर भाजपा नेता राम कदम ने सवाल पूछा है कि आखिर एक गुनाहगार की कब्र को सजाया क्यों गया है। दरअसल, मुंबई में मौजूद याकूब




मेमन के कब्र को मार्बल और एलईडी लाइट से सजाया गया है। इस पर भाजपा नेता ने कड़ी आपत्ति जताई है। भाजपा नेता राम कदम ने अपने ट्विटर हैंडल से दो फोटो शेयर किया है। फोटो में 1993 के मुंबई ब्लास्ट के गुनहगार याकूब मेमन के कब्र को देखाया गया है। एक फोटो में याकूब मेमन के कब्र की पहले की तस्वीरें दिखाई गई और दूसरे फोटो में ताजा तस्वीरें शेयर की गई है। फोटो में यह देखने को मिला है कि याकूब मेमन का कब्र पहले जहां सामान्य कब्र जैसा दिख रहा था, ऐसे में इस कब्र को अब सजा दिया गया है। याकूब मेमन के कब्र के चारों और मार्बल लगा दिया गया है और इसे एलईडी लाइट से भी सजा दिया गया है। इस तरह से कब्र को सजाने को लेकर भाजपा नेता ने एतराज जताया है।

# यूनिफॉर्म सिविल कोड पर जनता की राय ली जाएगी

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने को लेकर सरकार पूरी तरह संजीदा दिखाई दे रही है। इस दिशा में आज एक और कदम बढ़ाते हुए आम जनता की राय और सुझाव जानने के लिए एक पोर्टल और वेबसाइट लांच किया गया है।




❑समिति ने जारी की वेबसाइट
❑सीएम प्रगति की करेंगे समीक्षा

राजभवन में आयोजित आज एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए बनाई गई समिति ने एक पोर्टल तथा वेबसाइट की लॉन्चिंग की। जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता वाली यह समिति इसका ड्राफ्ट तैयार कर रही है। समिति की दो बैठक अब तक दिल्ली में आयोजित हो चुकी हैं तथा आज देर शाम में एक बैठक सीएम पुष्कर सिंह धामी के साथ सचिवालय में आयोजित होने वाली है। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा अब तक समिति द्वारा किए गए काम की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी सभी नागरिकों के लिए समान कानून की व्यवस्था कोई आसान काम इसलिए नहीं है क्योंकि प्रदेश में सभी धर्म-जातियों के लोग अपने-अपने रीति रिवाज और कानून के हिसाब से मानते आए हैं। मुख्यमंत्री धामी द्वारा चुनाव 2022 के दौरान राज्य के बढ़ते जनसंख्या असंतुलन व धार्मिक क्षेत्रवाद तथा जमीनों को खुर्द-बुर्द करने जैसी समस्याओं के मद्देनजर सूबे में यूनिफार्म सिविल कोड लागू करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने अपनी पहली बैठक में इसका प्रस्ताव लाकर साफ कर दिया था कि यह उनका कोई चुनावी मुद्दा नहीं था बल्कि संकल्प है। उन्होंने इस कानून का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए समिति का गठन भी तुरंत कर दिया गया था। यूनिफॉर्म सिविल कोड कानून का प्रारूप कैसा हो? यह सबसे अहम मुद्दा है। सरकार चाहती है कि इसके ड्राफ्ट पर कोई बवाल न हो इसलिए प्रदेश के सभी लोगों के सुझाव और प्रस्ताव भी लिए जाने चाहिए ताकि इसके ड्राफ्ट में बहुत ज्यादा संशोधनों की जरूरत न रहे। यही कारण है कि अब आम आदमी के मन की बात जानने के लिए समिति द्वारा वेबसाइट लांच कर दी गई है। जिस पर कोई भी व्यक्ति अपने सुझाव और प्रस्ताव दे सकता है। समिति इस पर विचार करेगी और जरूरी तथा महत्वपूर्ण सुझावों के अनुसार यूनिफॉर्म सिविल कोड के ड्राफ्ट में बदलाव किया जाएगा। जस्टिस रंजना देसाई का कहना है कि समिति का प्रयास है कि वह एक सर्वमान्य ड्राफ्ट तैयार कर पाए। मुख्यमंत्री धामी का कहना है कि 2 माह में इसका ड्राफ्ट तैयार हो जाएगा और बहुत जल्द यह नया कानून लागू हो जाएगा।

# आईटीबीपी की बस खाई में गिरी, दस जवान मामूली घायल



हमारे संवाददाता

चम्पावत। सड़क दुर्घटना में आज सुबह टनकपुर-पिथौरागढ़ नेशनल हाईवे पर आईटीबीपी जवानों की बस खाई में जा गिरी। इस बस में आईटीबीपी के 10 जवान बैठे थे। सूचना मिलने पर प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया व सभी जवानों को सुरक्षित खाई से बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार आईटीबीपी 13वीं बटालियन की बस आज सुबह टनकपुर से पिथौरागढ़ के लिए जा रही थी। जब बस सिन्याड़ी के पास नेशनल हाईवे पर पहुंची तो अचानक चालक नियंत्रण खो बैठा और बस खाई में जा गिरी। बस में आईटीबीपी के 10 जवान सवार थे।

सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और चम्पावत प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि आज सुबह हुए इस हादसे में जैसे ही बस खाई में गिरी वैसे ही एक पेड़ पर बस अटक गई।

पेड़ होने के कारण बस गहरी खाई में गिरने से बच गई। जिसके बाद वहां पहुंची प्रशासन की टीम ने सभी 10 जवानों को सुरक्षित निकाला। पुलिस के अनुसार आईटीबीपी जवानों को मामुली चोटें आयी है जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है, वहां उनका उपचार किया जा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में घायल एसडीएम संगीता कनौजिया का हुआ निधन

हमारे संवाददाता

देहरादून। एम्स ऋषिकेश में भर्ती सड़क दुर्घटना में घायल एसडीएम संगीता कनौजिया की आज सुबह मृत्यु हो गई है। एसडीएम संगीता सर्वाइकल स्पाइन इंजरी से ग्रसित थी। जिनका दुर्घटना के बाद से ही एम्स में उनका उपचार चल रहा था। संगीता कनौजिया के निधन की पुष्टि एम्स ऋषिकेश के जनसम्पर्क अधिकारी हरीश मोहन थपलियाल द्वारा की गयी है।

बता दें कि बीती 26 अप्रैल को लक्सर की एसडीएम संगीता कनौजिया सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई थी। एसडीएम संगीता कनौजिया के वाहन को एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए थे। हादसे में एसडीएम के ड्राइवर की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई थी जबकि एसडीएम संगीता कनौजिया गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हे ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया था। चार माह तक डाक्टर उन्हे बचाने का प्रयास करते रहे। लेकिन एसडीएम संगीता आज जिन्दगी की जंग हार गयी। जिनके निधन की पुष्टि ऋषिकेश एम्स के जनसम्पर्क अधिकारी द्वारा की गयी है।



## मुख्यमंत्री ने एसडीएम के निधन पर दुःख व्यक्त किया

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एसडीएम श्रीमती संगीता कनौजिया के निधन पर दुःख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की।

# नाबालिग से दुष्कर्म में मां-बेटे सहित तीन पर केस दर्ज

देहरादून (सं)। नाबालिग से दुष्कर्म कर फर्जी विवाह पंजीकरण दस्तावेज दिखाने पर पुलिस ने मां-बेटे सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नत्थनपुर निवासी महिला ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि सीमाद्वार निवासी अभिषेक चौधरी उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। जहां पर उसने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया तथा अभिषेक की मां सावित्री देवी व एक अन्य ऋषि कुमार वर्मा ने फर्जी कूटरचित विवाह प्रमाण पत्र बनाकर उसकी बेटी को धोखा दिया गया।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*